भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 165
उत्तर देने की तारीख़-14.09.2020

विदेशों में भारतीय छात्रों को शिक्षा

165. श्री कृष्ण पाल सिंह यादवः

क्या **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि**:**

(क) क्या भारतीय छात्रों की विदेशों में शिक्षा के लिए सरकार की कोई योजना है**;** और

(ख) यदि हां**,** तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख)**:** भारत सरकार भारतीय छात्रों को देश में ही विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने की इच्छुक है और विदेशों में भारतीय छात्रों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए इसकी कोई विशिष्ट और अलग योजना नहीं है। तथापि, शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग / उच्चतर शिक्षण संस्थान विभिन्न कार्यक्रमों / योजनाओं के तहत शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधियों के लिए विदेशों / विदेशी संस्थानों के साथ सहयोग करते हैं। मंत्रालय, भारतीय छात्रों को विदेशी सरकारों द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियों के लिए नामांकित करने की प्रक्रिया को भी सुविधाजनक बनाता है। अंतिम चयन दाता देश द्वारा किया जाता है।

****